तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

डोली पर होगा मां दुर्गा का आगमन, कल से चैत्र ... 14



माता कर्मा की जीवन से श्रद्धा, भक्ति, नारी ... 16





## SCHOOL भूमि

# पढ़ाई का बदला अंदाज: गेमिफिकेशन तकनीक से स्मार्ट बन रहे भिलाई-दुर्ग के स्कूल

## रियल लाइफ लर्निंग के लिए स्कूल अपना रहे नई शिक्षा पद्धति



**भिलाई।** बदलते दौर में शिक्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ अब स्कूलों में ऐसे नवाचार किए जा रहे हैं, जो बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बना सकें। इसी दिशा में भिलाई-दुर्ग के कई स्कूलों ने गेमिफिकेशन लर्निंग कॉन्सेप्ट को अपनाना शुरू कर दिया है।

इस पद्धति में पढ़ाई को खेल, क्विज, प्वाइंट सिस्टम, लेवल अप और टीम एक्टिविटी के माध्यम से सिखाया जाता है। इससे बच्चे पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि एक मजेदार गतिविधि के रूप में लेने लगते हैं। शिक्षक भी इस तकनीक के जरिए जटिल विषयों को सरल और दिलचस्प तरीके से समझा पा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन के अनुसार गेम आधारित लर्निंग से बच्चों की कक्षा में सक्रिय भागीदारी बढ़ती है। जब पढ़ाई को किसी खेल या चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो विद्यार्थी ज्यादा उत्साह के साथ उसे समझने और पूरा करने का प्रयास करते हैं। इससे उनकी एकाग्रता और सीखने की गति भी बेहतर होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि गेमिफिकेशन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों में समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच और टीमवर्क जैसे गुणों को विकसित करने में भी मदद करता है। कई स्कूलों में गणित, विज्ञान, भाषा और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों को भी अब इंटरैक्टिव गेम्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए पढ़ाया जा रहा है।

शिक्षकों के अनुसार इस पद्धति से बच्चों को रियल लाइफ सिचुएशन को समझने का मौका मिलता है। उदाहरण के तौर पर किसी समस्या को गेम के स्तरों के रूप में हल कराना या टीम के साथ मिलकर किसी टास्क को पूरा करना बच्चों में व्यावहारिक समझ विकसित करता है। भिलाई-दुर्ग के शिक्षा क्षेत्र में यह नया प्रयोग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अभिभावक भी इसे सकारात्मक बदलाव मान रहे हैं, क्योंकि इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ रहा है और वे नई चीजों को सीखने के लिए अधिक प्रेरित हो रहे हैं।

### खेल आधारित शिक्षा से कक्षा में बढ़ी विद्यार्थियों की रुचि

स्कूलों में पढ़ाई को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अब कक्षा में खेल आधारित शिक्षा का चलन बढ़ रहा है। इस पद्धति के तहत शिक्षण कार्य को गेम, क्विज, समूह गतिविधियों और इंटरैक्टिव टास्क के माध्यम से कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि एक आनंददायक अनुभव के रूप में लेते हैं। शिक्षकों का कहना है कि खेल आधारित शिक्षण से बच्चों की भागीदारी बढ़ती है, उनकी एकाग्रता बेहतर होती है और जटिल विषयों को भी सरल तरीके से समझाया जा सकता है। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह पद्धति विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और टीमवर्क की भावना विकसित करने में भी सहायक साबित हो रही है।

# रुंगटा पब्लिक स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक दीक्षांत समारोह आयोजित



**भिलाई।** संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, भिलाई द्वारा संचालित रुंगटा पब्लिक स्कूल में 14 मार्च को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संजय रुंगटा का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर सोनू पाटनी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का अभिनंदन किया। एकल गीत की सुंदर प्रस्तुति के साथ एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। यूकेजी के विद्यार्थियों को सैश और प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यूकेजी के विद्यार्थियों के साथ समूह फोटो लिया गया। समारोह के दौरान अंतरशालेय विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या दीप्ति सिंग ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और अच्छे संस्कारों का महत्व बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज का यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक है। डायरेक्टर रजनी रुंगटा ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि संजय रुंगटा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने सपनों को साकार करने और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। अध्यापिका रूचि गोखले द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



School education is the foundation upon which the future of every child is built. At Rungta Public School, we believe learning must extend beyond academics to instill discipline, nurture creativity, and shape strong values. True education should ignite curiosity and encourage children to explore beyond boundaries with confidence. Sports and physical fitness form an integral part of this journey. With specialised academies in cricket, archery, table tennis, and more, we provide opportunities for students to discover hidden talents and excel in diverse fields. Our vision is to nurture potential, inspire dreams, and prepare children for tomorrow's challenges. At Rungta, education is not just about success in classrooms; it is about shaping little star into superstars.

**Sanjay Rungta, Chairman,**
**Sanjay Rungta Group of Institutions**



At Rungta Public School, education is not confined to academic success alone; it is about shaping the complete individual. Our value-based system instils integrity, empathy, discipline, and responsibility, ensuring students grow into principled citizens alongside achievers. We emphasize on developing 21st century skills such as critical thinking, creativity, collaboration, communication, and problem-solving, preparing learners for a rapidly changing world. Globally competitive curriculum blends academics with sports and co-curricular activities, fostering balanced growth and confidence. With advanced AI, STEM, and language labs, students gain hands-on exposure to emerging technologies and global communication, equipping them with future-ready skills. At Rungta, we remain committed to nurturing leaders who excel in knowledge, character, and innovation. Rungta Public School: Where Values Shape Vision.

**Deepti Singh,**
Principal, Rungta Public School






समस्या : टैंकर और बोरवेल के सहारे जीवन गुजार रहे वार्डवासी

# 2.17 करोड़ की ओवरहेड टंकी बनी लेकिन नलों में नहीं पहुंच पाया पानी

## लोग अब भी टैंकर और बोर के पानी पर है निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के सुपेला क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च कर ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन इससे लोगों को अब तक पानी संकट से राहत नहीं बन पाई है। टंकी का निर्माण पूरा होने और पाइपलाइन बिछाने के बाद भी कई दिनों से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इससे वार्ड के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक सुपेला के वार्ड क्रमांक 16 में करीब 2 करोड़ 17 लाख 48 हजार रुपये की लागत से ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। इस टंकी से वार्ड 10, वार्ड 16 और वार्ड 17 के घरों तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए टंकी को पाइपलाइन नेटवर्क से भी जोड़ दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दावा किया गया था कि अब इन वार्डों में नियमित जलापूर्ति शुरू हो जाएगी और लोगों को पानी के संकट से राहत मिलेगी, लेकिन हकीकत यह है कि टंकी बनने के बाद भी अब तक नलों में पानी नहीं पहुंचा है।






### अधूरी रह गई लोगों की उम्मीदें

सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड 10 के रहवासियों को हो रही है। यहां के लोग कई वर्षों से पानी के लिए टैंकर और बोरवेल के सहारे जीवन गुजार रहे हैं। गर्मी शुरू होते ही स्थिति और मुश्किल हो जाती है। ऐसे में ओवरहेड टंकी बनने से लोगों को उम्मीद थी कि अब घरों तक नियमित पानी मिलेगा, लेकिन अभी तक जलापूर्ति शुरू नहीं होने से लोगों की उम्मीदें अधूरी रह गई हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर टंकी बनाई गई, पाइपलाइन भी बिछा दी गई, लेकिन जब तक पानी सप्लाई शुरू नहीं होगी तब तक यह पूरा प्रोजेक्ट अधूरा ही माना जाएगा। सुपेला के इन वार्डों के हजारों लोग अब भी इस इंतजार में हैं कि करोड़ों की लागत से बनी यह ओवरहेड टंकी कब उनके घरों तक पानी पहुंचाएगी।

### पाइप लाइन अधूरी

अभी कुछ दिन पहले ही टेस्टिंग की गई है। कुछ जगहों पर पाइप लाइन अधूरी है। करीब 105 एमएलडी होने के बावजूद लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पाना गंभीर विषय है। **-भोजराज सिन्हा,** पार्षद वार्ड 17, भिलाई

### टेस्टिंग पूरी

टेस्टिंग हो गई है। इंटर कनेक्शन का काम बचा हुआ है। पहले से ही पाइप लाइन बिछी हुई है। अगर काम समय पर पूरा हुआ तो करीब दस दिन में जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। मैंने बजट और एमआईसी बैठक में बताया था कि टंकी का निर्माण हो चुका है। अब जल्द से जल्द लोगों के घरों तक पानी पहुंचाना है।
**-चन्द्रशेखर गवई,** पार्षद वार्ड 10, भिलाई

# विधानसभा घेराव के लिए अलग-अलग टोलियों में रायपुर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ जिला संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दिया एकजुटता का संदेश

प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी और तस्करी के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी विधानसभा घेराव का आयोजन किया। इस दौरान अलग-अलग जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी रैली की शक्ल में इस आयोजन में शामिल हुए। ग्रामीण जिला कांग्रेस से जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसी शामिल हुए। इसी प्रकार भिलाई से अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और दुर्ग में धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता राजीव भवन शनिचरी बाजार से रवाना हुआ। इससे पहले बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्वयं तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर संगठन को सक्रिय किया। पाटन, अहिवारा,दुर्ग ग्रामीण विधानसभा, धमधा, साजा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजन शामिल हुए। राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने का प्रयास, आम जनता से जुड़े मुद्दों की अनदेखी, बढ़ती अराजकता, नशाखोरी का फैलाव तथा भाजपा नेताओं द्वारा अवैध अफीम की खेती जैसे गंभीर मामलों ने प्रदेश की स्थिति चिंताजनक बना दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लगातार संघर्ष कर रही है।

# कांग्रेसियों ने दिखाई ताकत, दुर्ग से सैकड़ों कांग्रेसी हुए घेराव में शामिल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में दुर्ग जिले से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में आयोजित इस घेराव कार्यक्रम में कांग्रेसजनों का उत्साह देखने योग्य रहा। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया।





इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सहप्रभारी संपत कुमार सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है और भाजपा सरकार इस पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है। इस अवसर पर पीसीसी महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दीपक दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, रायसिंह ढिकोला सहित अन्य मौजूद थे।

# 'विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जरूरी है बेरोजगारी को खत्म करना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जीरामजी ग्रामीण भारत का परिवर्तनकारी बदलाव विषय पर विशेष मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव अग्रवाल ने कहा कि विबीजीरामजी की परिकल्पना ग्रामीण भारत में बड़े परिवर्तन की नींव रख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बेरोजगारी को जड़ से खत्म करना जरूरी है। इसी दिशा में राज्य में




औद्योगिक विकास को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में उद्योग स्थापित होंगे और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए महिला हॉस्टल तैयार किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ सके। साथ ही विबीजीरामजी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यशाला में जिला पंचायत दुर्ग के सहायक परियोजना अधिकारी अरदीप ढीढी ने ग्रामीण विकास योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी दी। वहीं दुर्ग पुलिस के साइबर विशेषज्ञ डॉ. संकल्प राय ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती डिजिटल पहुंच के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति पत्रकारों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों ने भी योजनाओं और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर अपने विचार साझा किए।

### फेडरेशन का आज प्रदर्शन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर 18 मार्च को भोजन अवकाश के दौरान जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के प्रमुख सलाहकार राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे एवं मीडिया प्रभारी भानुप्रताप यादव ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिये यह प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेडरेशन से संबद्ध सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भोजन अवकाश पर किया जाएगा।



हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



# केवल पढ़ाई नहीं, व्यक्तित्व का निर्माण करता है डीपीएस दुर्ग



**पुनीता नेहरू**
डायरेक्टर प्रिंसिपल

दिल्ली पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर स्कूल प्रबंधन ने अपना रोडमैप तैयार कर लिया है। इस साल पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के चरित्र निर्माण और वैल्यू एजुकेशन पर खास जोर दिया जाएगा। स्कूल की मूल सोच "Service Before Self" है। इसी सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे साल बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार और मूल्यों को विकसित करने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। स्कूल में वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहार, अनुशासन और संस्कार सिखाए जाएंगे। यह कार्यक्रम कक्षा, असेंबली, गतिविधियों और स्कूल के अलग-अलग आयोजनों के जरिए चलाया जाएगा, ताकि बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। शिक्षक खुद शिक्षण सामग्री और गतिविधियों के किट तैयार कर रहे हैं, ताकि बच्चों को सिर्फ किताबों से नहीं बल्कि एक्टिविटी के जरिए पढ़ाया जा सके। स्कूल का लक्ष्य है कि हर बच्चे पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया जाए। चाहे वह पढ़ाई में आगे हो या पीछे, हर छात्र को बराबर अवसर और मार्गदर्शन मिलेगा, खासकर मैथ्स, साइंस और अंग्रेजी जैसे विषयों में। बच्चे की पढ़ाई में स्कूल, शिक्षक और माता-पिता तीनों की भूमिका अहम होती है। स्कूल में बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि मैनर्स और बेहतर कम्युनिकेशन स्किल भी सिखाई जा रही है। इसके लिए बच्चों को अलग-अलग गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से एक्सपोजर दिया जाएगा।

भिलाई। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित ज्ञान देना नहीं होता, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व को हर पहलू से विकसित करना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में ऐसा शैक्षणिक माहौल तैयार किया गया है, जहाँ बच्चे सिर्फ पाठ्य विषयों को ही नहीं समझते, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, बेहतर संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुण भी विकसित किए जाते हैं। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब वह बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र के लिए तैयार करे। इसी कारण यहाँ की शिक्षण पद्धति पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर अनुभव आधारित और संवादात्मक बनाई गई है। कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर दिया जाता है, ताकि वे विषयों को केवल याद न करें बल्कि उन्हें समझकर जीवन में लागू भी कर सकें। विद्यालय में पढ़ाई का तरीका विद्यार्थी-केंद्रित है। यानी हर छात्र की क्षमता, रुचि और सीखने की गति को ध्यान में रखते हुए उसे आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से विकसित कर पाते हैं। स्कूल का उद्देश्य ऐसे जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार करना है जो न केवल पढ़ाई में आगे हों, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक सोच रखने वाले भी बनें। दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे जिम्मेदार, आत्मविश्वासी, संवेदनशील और सशक्त नागरिकों का निर्माण करना है जो भविष्य में समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें।



## एजुकेशनल टूर्स एंड ट्रिप्स



शैक्षिक भ्रमण और अध्ययन यात्राएँ विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर की दुनिया से परिचित कराती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त होते हैं और उनका दृष्टिकोण व्यापक बनता है। विद्यालय की शैक्षणिक दृष्टि इस विचार पर आधारित है कि हर विद्यार्थी अलग है और हर विद्यार्थी में विशेष प्रतिभा होती है। जिन विद्यार्थियों का अधिगम स्तर अपेक्षाकृत कम होता है, उनके लिए विशेष मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत सहयोग प्रदान किया जाता है ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। पढ़ाई में उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए उन्नत अध्ययन, प्रतियोगी गतिविधियों और विशेष शैक्षणिक अवसरों की व्यवस्था की जाती है, जिससे उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके।

## ग्रूमिंग एंड कम्युनिकेशन स्किल्स लैब



इस विशेष लैब के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण क्षमता, शिष्टाचार और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण गुणों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।



## हेल्थ एंड फूड क्राफ्ट लैब

इस अभिनव पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण और संतुलित आहार के महत्व से परिचित कराया जाता है। यहाँ बच्चे फूड क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करते हैं।



## खेलकूद पर विशेष ध्यान

डीपीएस दुर्ग में खेलकूद को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है, जहां आधुनिक खेल सुविधाओं और प्रशिक्षित कोच के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाता है। खेलों से विद्यार्थियों का शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सर्वांगीण व्यक्तित्व मजबूत बनता है।



## पैरलल क्लासेस से बेहतर शिक्षण व्यवस्था

कम विद्यार्थियों वाली पैरलल कक्षाओं की व्यवस्था से शिक्षकों को प्रत्येक विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान देने का अवसर मिलता है। इससे छात्रों की शंकाओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से होता है और अधिगम की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।



## गुड पेरेंटिंग वर्कशॉप

विद्यालय यह मानता है कि बच्चे के विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर अभिभावकों के लिए विशेष वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के प्रभावी पालन-पोषण, भावनात्मक सहयोग और सकारात्मक संवाद के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

कंटेंट : सुवांकर रॉय



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## भक्ति और संस्कृति के रंगों से सराबोर हुई गणगौर माता की शोभायात्रा



**भिलाई।** राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग की महिलाओं द्वारा सुहाग और समृद्धि के प्रतीक पावन पर्व गणगौर के अवसर पर गौर ईश्वर की भव्य शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ निकाली गई। इस अवसर पर समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लेकर उत्सव को भक्ति और संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया।

शोभायात्रा में समाज की महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपनी पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर शामिल हुईं। सिर पर कलश और गौर ईश्वर की प्रतिमा के साथ निकली इस शोभायात्रा में लोकगीतों और मंगलगान के बीच भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। विशेष रूप से समाज की नवविवाहित बहुएं और बेटियां अपने विवाह के बाद पहले वर्ष की गणगौर बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं।

इस अवसर पर महिलाओं ने माता गणगौर की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। समाज की महिलाओं ने कहा कि गणगौर पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो नारी के सौभाग्य, श्रद्धा और सामाजिक एकता को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माता गणगौर से समाज और परिवार की खुशहाली तथा समृद्धि की कामना की।



लाइव इवेंट

## सदस्य एकजुट होकर समाज को करें मजबूत, खेले गए गेम



**भिलाई।** सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन समाज के भवन ब्रह्म प्रकाश भवन स्मृति नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खुर्सीपार भिलाई की सर्वश्रेष्ठ फाग गीत टीम ने अपने बेहतरीन अभिनय के साथ फाग गीत प्रस्तुत किया। प्रेमसागर मिश्रा की टीम ने संगीतमय आयोजन से पूरे समां को बांधे रखा। जिसमें प्रमुख रूप से जितेंद्र तिवारी, रामचंद्र, विजय पहलवान, सुरेश शर्मा, मनोज तिवारी, गुड्डु तिवारी, मार्कण्डेय तिवारी, रमेश तिवारी ने मुख्य रूप से फाग गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान सरयू पारीण ब्राम्हण समाज की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति दुबे सहित सभी सदस्याओं द्वारा फूलों और रंगों से होली खेली। होली के गीतों में महिलाओं द्वारा शानदार नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के महासचिव राम लखन मिश्रा ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर समाज को निरंतर गति प्रदान करते हुए मजबूत बनाने की बात कही। इस अवसर पर समाज के महासचिव राम लखन मिश्र, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति दुबे, एन पी मिश्रा, महेश तिवारी, प्रेम सागर मिश्रा, एके मिश्रा नागेन्द्र पांडे, सुभाष चंद्र तिवारी, दिनेश मिश्र, दीपक मिश्रा, चंद शेखर पांडे, संजय मिश्रा, रामायण मिश्रा, आर के पांडे, एन एन पांडे, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, स्मृति शर्मा, सुरभि तिवारी, डॉ गणेश पांडे, गणेश शुक्ला, प्रतिमा तिवारी, प्रीती पांडे, कनक मिश्र, तनु मिश्रा, मीना पांडे, राधा तिवारी, सलोनी पांडे, पूर्णिमा पांडे, सुशील पांडे, रश्मि दुबे, स्मिता तिवारी, महक दुबे, मीना त्रिपाठी,




## सिन्हा समाज की आमसभा और होली मिलन रिसाली में आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कलार समाज भिलाई मंडल की आमसभा 18 मार्च को शक्ति सदन के बाजू सड़क नंबर-11 आशीष नगर रिसाली पश्चिम स्थित कंवर समाज के भवन में होगी और आमसभा सुबह 10 बजे भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की पूजा के बाद शुरू होगी। मंडल के सचिव वीरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ कलार समाज भिलाई मंडल की आमसभा के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। भिलाई मंडल अध्यक्ष जीवन राम सिन्हा सभा के अध्यक्ष करेंगे। जहां सामाजिक विषय के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर चर्चा किया जाएगा। प्रचार प्रसार मंत्री दोमन लाल सिन्हा ने बताया कि सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

धार्मिक अनुष्ठान की तैयारीः नवरात्र को लेकर दुर्ग-भिलाई के देवालयों में रंग-रोगन और साज-सज्जा अंतिम चरण

# डोली पर होगा मां दुर्गा का आगमन, कल से चैत्र नवरात्र शुरू सजने लगा माई का दरबार, इस बार पूरे 9 दिनों होगी आराधना

चैत्र नवरात्र को लेकर सभी देवी मंदिरों में कई दिनों पहले ही तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार 19 मार्च से 27 मार्च तक यानी पूरे 9 दिनों तक देवालयों में मां के अलग-अलग रूपों के दर्शन होंगे। जिसे लेकर मंदिरों में रंग-रोगन और विशेष साज-सज्जा अपने अंतिम चरण पर है। 26 मार्च को अष्टमी पूजन के साथ अन्य अनुष्ठान और पूर्णाहुति होगी। साथ ही ज्योत जंवारा का विसर्जन शुरू होगा। वहीं 27 मार्च को राम नवमी पर अलग-अलग धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। ज्योतिषाचार्य और भगवताचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का आगमन डोली और प्रस्थान हाथी पर होने से देश में सुख-समृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी। शक्ति और भक्ति के 9 दिवसीय पर्व चैत्र नवरात्र और विक्रम संवत सिद्धार्थी नाम संवत्सर-2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस संवत्सर का राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जिसके फलस्वरूप गर्मी बहुत ज्यादा रहेगी और लोगों में क्रोध, उत्तेजना, कलह व नेत्र विकार बढ़ेंगे। जिस संवत्सर के राजा और मंत्री अलग-अलग ग्रह भी अच्छे संकेत देते हैं।

**भिलाई।** इस साल पूरे 9 दिनों की नवरात्र होगी। इस अवधि में देवी के 9 स्वरूपों की पूजा होगी। विशेष रूप से देवी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। खरीदारी के भी अलग-अलग संयोग रहेंगे। सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह से लेकर पूरे दिन रहेगा। हैं। देवी पुराण के अनुसार घटस्थापना के लिए प्रातः काल का समय श्रेष्ठ हैं। इस बार घर, लाभ, अमृत का चौघड़िया और अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12.53 मिनट तक घट स्थापना कर सकते हैं। दुर्गा का आगमन प्रस्थान डोली पर होगा जो सुख-समृद्धि का प्रतीक हैं। अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना होगी। इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इस मौके पर मीन राशि में पंचगृही बोग का संयोग भी बनेगा। जो सुख समृद्धि कारक होगा।

### मंदिरों में रंग रोगन शुरू चंडी मंदिर में विशेष तैयारी

चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से चंडी मंदिर दुर्ग में तैयारियां की जा रही है। इस मंदिर में सबसे ज्यादा ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। इसके अलावा शीतला मंदिर बैगापारा, लंगूरवीर मंदिर, कंकालिन मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सत्ती चौरा मंदिर, संतोषी मंदिर में भी ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। मातारानी के भक्त पूरी तरह से मां की भक्ति में डूब जाएंगे। मातारानी की नौ रूपों में पूजा के लिये शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई के बाद रंग-रोगन हो रहा है। श्रद्धालुओं को दर्शन व जलाभिषेक में कोई परेशानी न हो, इसके लिये मंदिर कमेटियों ने अपने स्वयंसेवकों को सक्रिय कर दिया है। इधर देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किये गये हैं। यहां महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस भी तैनात होगी। अराजक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।




### महिला दर्शनार्थियों की सुरक्षा को तैनात रहेंगी महिला पुलिसकर्मी

चंडी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों जहां महिलाओं की भीड़ ज्याता होती है, उन मंदिरों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। हिंदू चंद्र कैलेंडर के प्रथम माह को चैत्र के रूप में माना जाता है। इसलिए इस समय की नवरात्र को चैत्र नवरात्र कहा जाता है। मां के भक्त पूरे छह माह इन दिनों की बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। ज्योतिष की मानें तो मां दुर्गा के इस मुहूर्त में आगमन से अच्छी बारिश और अच्छी फसल के संकेत मिलते हैं। माता आगमन का मतलब सर्वसिद्धिदायक होता है। मां दुर्गा को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला बताया गया है।

### भिलाई में भी देवालयों में तैयारी शुरू, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

भिलाई में प्रमुख रूप से मां बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 बैकुंठधाम मंदिर, राज-राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, हनुमान मंदिर सेक्टर-9, राधा-कृष्ण मंदिर सेक्टर-6 सहित अन्य मंदिरों में भी नवरात्र को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में ओटबंद, बानबरद, कोकड़ी, कौही, देवबलोदा के प्राचीन मंदिरों में भी आयोजन को लेकर तैयारी की गई है। भिलाई-तीन में खेत में विराजी माता प्रतिमा स्थल पर भी विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी की गई है।





## स्वच्छता पखवाड़ा में अधिकारियों व ठेका सफाई मित्रों के बीच क्रिकेट मैच, सफाईकर्मी जीते



**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अधिकारियों और ठेका सफाई मित्रों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन भिलाई निवास के निकट पोलो मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित सेफी चेयरमैन एनके बंछोर, छग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मोहन दास, पूर्व रणजी खिलाड़ी राजा बनर्जी, ओए महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, महाप्र]बंधक एबी श्रीनिवास, महाप्रबंधक सौमिक डे, डॉ. एनके जैन,केके यादव तथा एमके साहू, आर गर्ग भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पवन कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि ठेका सफाई मित्र केवल श्रमिक नहीं, बल्कि संगठन के सम्मानित सहयोगी हैं। श्री दत्ता अधिकारी टीम के कप्तान के रूप में मैदान में उतरे, मैच में अधिकारी टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए।ठेका सफाई मित्रों की टीम ने 9.2 ओवर में 6 विकेट पर 95 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मनोज कुमार को मैन ऑफ द मैच रहे। विजेता टीम को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



## एसएमएस 3 में मॉक ड्रिल सुरक्षा की तैयारी को परखा

**भिलाई।** वैधानिक सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 के कन्वर्टर फ्लोर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपात स्थिति के सिमुलेशन में कन्वर्टर 1 एवं कन्वर्टर–2 के मध्य हॉट मेटल ले जा रही लैडल में पंक्चर होने की स्थिति दर्शाई गई, जिससे पिघला हुआ हॉट मेटल फैल गया तथा तीन कर्मचारियों के झुलस गए। एक बेहोश कर्मी सहित तीन घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

आपात स्थिति की घोषणा कन्वर्टर जी शिफ्ट इंचार्ज अतुल बेंडाले एवं उनकी टीम के सदस्य उप महाप्रबंधक सुधीर रामटेके द्वारा इमरजेंसी सायरन बजाकर की गई। कन्वर्टर फ्लोर पर उपस्थित सभी कर्मियों ने तत्परता से निर्धारित असेंबली प्वाइंट की ओर व्यवस्थित रूप से प्रस्थान किया।वहीं मेन मेडिकल पोस्ट, फायर ब्रिगेड, सीआईएसएफ, सिविल



डिफेंस एवं सेफ्टी कंट्रोल सहित सभी सहायक सेवाओं ने तत्काल सहयोग प्रदान किया। घायल कर्मियों को शीघ्र प्राथमिक उपचार प्रदान कर बाहर निकाला गया। माक ड्रिल में मेन मेडिकल पोस्ट द्वारा सभी प्रभावित व्यक्तियों की स्थिति सामान्य बताई गई। रेस्क्यू कार्य पूर्ण होने के पश्चात फायर ब्रिगेड द्वारा फैले हुए गर्म धातु को ठंडा करने की कार्रवाई की गई, जिससे किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई में जुटे डेंस्टीस्ट

कार्नर न्यूज

## रेडिएशन थेरेपी और दंत चिकित्सा पद्धति में आए नवाचारों पर व्याख्यान में हुई चर्चा, निरंतर चिकित्सा शिक्षा पर डाला प्रकाश

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले के पंजीकृत दंत चिकित्सकों ने शिरकत की। इस दौरान शल्य चिकित्सा रेडिएशन थेरेपी और दंत चिकित्सा पद्धति में आए नवाचारों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### मुंह के कैंसर और दवाइयों की दी जानकारी

होटल आशीष इंटरनेशनल आईडीए द्वारा निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मित्तल हॉस्पिटल से डॉक्टर नवीन वर्मा, डॉक्टर स्नेहा बोथरा जैन, डॉक्टर पुनीत सेठ द्वारा मुंह के कैंसर रोग उसमें होने वाली दवाइयां शल्य चिकित्सा रेडिएशन थेरेपी पर व्याख्यान दिया गया। मित्तल हॉस्पिटल की निर्देशक डॉक्टर सुमन मित्तल ने हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधा डॉक्टर्स पैनल चिकित्सा पैनल की विस्तृत जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान डॉ अन्नपूर्णा, डॉ विपिन अरोरा, डॉ सौम्य शर्मा, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, डॉ हितेश टावरी, डॉ सुश्मिता खत्री, डॉ गैवी ने अपने विचार प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ दीप्ति राठौर ने आईडीए संस्था के द्वारा दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हुई उपलब्धियों की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ नम्रता लूनिया और डॉ लवप्रीत कौर कटियार और आभार डॉ सायली कुरैशी द्वारा किया गया। शिक्षा कार्यक्रम में एसोसिएशन की डॉ आस्था श्रीवास्तव और डॉ रजत जैन, डॉ नावेद खान, डॉ सविता कबड़वाल, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ साकेत बन्छोर, डॉ सुयोग जैन के साथ अन्य सीनियर और जूनियर डॉक्टर्स उपस्थित थे।

### गेम्स में मारी बाजी

कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी महिला डेंटिस्ट द्वारा महिला दिवस सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और हाऊजी गेम रखे गए थे। जिसका सभी ने आनंद उठाया। अंत में ढोल नगाड़े के साथ नृत्य का सभी ने आंनद उठाया। एसोसियेशन की अध्यक्ष डॉ दीप्ती राठौर ने बताया कि इस साल महिला दिवस की थीम गैन एंड गिव यानी कुछ हासिल कर कुछ देना रखा गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए कई रोचक खेल खेले गए। इस सत्र का संचालन डॉ रिया जैन और डॉ दीक्षाली इंदुरकर ने किया। विभिन्न गेम्स और व्याख्यान के लिए डॉक्टर नावेद खान, डॉ सविता कबड़वाल, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ साकेत बन्छोर, डॉ सुयोग जैन, डॉ लवप्रीत कौर कटियार का सहयोग रहा।






हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




**हंगामेदार रही बजट बैठक : 560 करोड़ आय और 580 करोड़ व्यय का बजट बहुमत से पारित**

# दुर्ग पहला निगम जहां ऑनलाइन जमा होगा टैक्स, हर घर में लगेगा चिप वाला क्यूआर कोड, धमधा नाका से आदित्य नगर सड़क होगी चौड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग निगम की बजट बजट में लाए गए सभी प्रस्तावों को हंगामे के बीच बहुमत से पारित कर दिया। महापौर अल्का बाघमार ने 580.07 करोड़ के व्यय और 560.46 करोड़ रुपए आय का प्रावधान बजट पेश किया। इसमें निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में राजस्व वसूली ऑनलाइन किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अंतर्गत हर घर में क्यूआर युक्त चिप लगाए जाने और निगम के बकाया राशि को मोबाइल पर ऑनलाइन भेजे जाने के सिस्टम को लागू किए जाने की जानकारी दी। बैठक में इसके अलावा धमधा नाका से आदित्य नगर होते हुए रायपुर नाका अंडर ब्रिज तक सड़क चौड़ीकरण, हनुमान नगर से जुनवानी तक सड़क निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बजट में शंकरनाला और पुलगांव नाला में सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 63.50 करोड़, साइंस कॉलेज से स्टेशन तक 5.50 करोड़ से केनाल रोड, 5 करोड़ से गिरधारी नाला का चौड़ीकरण, सभी नालियों को प्रमुख नालों से जोड़ने के लिए 10 करोड़, शिवनाथ नदी में रिवर फ्रंट के लिए 2 करोड़, वर्किंग वुमन हॉस्टल के लिए 2 करोड़, हाईटेक बस स्टैंड के लिए 70 लाख, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए 5 करोड़, डीएमएम के कामों के लिए 4.85 करोड़, अमृत मिशन 2.0 के लिए 18 करोड़ के कार्यों को प्रावधानिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वेस्ट मटेरियल के प्रोसेस के लिए 2 करोड़ के सीएनडी प्लांट, मल्टीलेवल पार्किंग के लिए 16.11 करोड़ और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सोलर सिस्टम के लिए 95 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, एमआईसी मेंबर सहित सभी पार्षद मौजूद थे।

**अमृत मिशन के लिए 18 करोड़ की मंजूरी, 16 करोड़ से बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग**





## कचरा जलाने को लेकर बवाल

सफाई के मुद्दे पर लगभग सभी वार्डों के पार्षदों ने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान एनजीटी की गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए शहर के चारों तरफ कचरा जलाए जाने, उठती बदबू और धुएं से लोगों की परेशानी से अवगत कराया गया। लुचकी तालाब में बदबूदार पानी को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। मामले में स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल से जवाब मांगा गया। पार्षद सरश निर्मलकर ने उनके वार्डों में सात दिनों तक लगातार सफाई नहीं होने के मुद्दे पर नाराजगी व्यक्त की। सभापति ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सारे प्रस्ताव बहुमत से पारित

बैठक में विपक्ष और निर्दलीय पार्षदों ने किसी भी प्रस्ताव में शहर सरकार का साथ नहीं दिया। इस वजह से सभी प्रस्तावों को बहुमत के आधार पर मंजूरी प्रदान की गई। इसमें 3.16 करोड़ से सिकोला नाला, अटल चौक का नाम अटल परिसर किए जाने और वहां अन्य कार्यों के लिए 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बस स्टैंड में आवंटित दुकानों का स्वरूप बदलने वाले दुकानदारों से पेनल्टी वसूलने, हठरी बाजार की दुकानों के आवंटन, कुशाभाऊ ठाकरे भवन को आउट सोर्सिंग पर दिए जाने, मिनी माता चौक से महाराजा चौक होते हुए ठगड़ा बांध तक पाइपलाइन शिफ्टिंग के करीब 4.39 करोड़ के कामों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा बोरसी से महाराजा चौक तक सड़क का नाम कवि सुरेंद्र दुबे के नाम पर किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## पार्षद ने कहा...मेरी सुनो, नहीं चलने दूंगा सभा, विपक्ष की भूमिका में नजर आए भाजपाई पार्षद, चुप्पी साधे रहे सभापति



मंगलवार को आयोजित इस बैठक में भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आई। मंत्री गजेंद्र यादव के समर्थकों ने सदन में जमकर हंगामा हुआ। उन्होंने महापौर और उनकी परिषद के कामों को लेकर जमकर नारेबाजी की। पार्षद संजय अग्रवाल ने सबसे पहले निर्दलीय पार्षद कुलेश्वर साहू के सुलभ शौचालय का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी नहीं सुनी गई तो वे सदन नहीं चलने देंगे, इसके बाद कई अन्य पार्षदों ने भी इसी प्रकार सभापति को सदन नहीं चलने देने की बात कहकर अपने विचार रखे। सुलभ के मामले में उन्होने कहा कि नियमानुसार निगम के अधिन सुलभ शौचालय को अलग-अलग महिला स्व. सहायता समूह को दिया जाना है लेकिन पूरे सुलभ शौचालय को केवल दो समूहों के हवाले कर दिया गया है। इससे अन्य महिला व स्व सहायता समूह की आत्मनिर्भरता पर सवालिया निशान खड़े हो गए है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को तोड़ा गया है। इस मामले को लेकर जमकर हंगामे के बाद सभापति ने कुलेश्वर साहू, संजय अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे और शिव नायक की एक कमेटी बना दी। उन्होंने जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसके अलावा 10 से ज्यादा वार्डों के पार्षदों ने कहा कि वर्तमान शहर सरकार ने उनके वार्ड में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं किए हैं, जितने भी काम हो रहे हैं वे मंत्री और विधायक गजेंद्र यादव द्वारा स्वीकृत कराए गए हैं। मुक्तिधाम के मुद्दे से पार्षदों ने आयुक्त को घेरा। उन्होंने कहा कि जब स्वीकृति शासन से मिली है, तो किसने महापौर के प्रयासों से मुक्तिधाम में 50-50 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने की जानकारी मीडिया को दी। इस दौरान मंत्री के प्रयासों और शासन को प्रेषित पत्रों से आयुक्त को अवगत कराया गया। लगातार इस विषय को लेकर हो रहे हंगामे के बाद आयुक्त ने वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का भरोसा सदन को दिलाया।

## भिलाई निगम की महापौर परिषद ने पारित किया बजट



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में महापौर परिषद की बैठक हुई। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शहर के विकास का वित्तीय खाका तैयार किया गया।

बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम द्वारा तैयार किए गए आगामी वित्तीय वर्ष का बजट महापौर के समक्ष प्रस्तुत किया। महापौर नीरज पाल ने बजट के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा प्रारंभ की, जिसमें परिषद के सदस्यों ने बजट की बारीकी से समीक्षा की और शहर हित में अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। विचार-विमर्श के उपरांत, परिषद के सदस्यों ने जनहितैषी कार्यों और शहर की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए बजट में आवश्यक संशोधनों को शामिल किया। इसके पश्चात, वित्तीय वर्ष 2026-27 के इस बजट को अंतिम निर्णय के लिए सामान्य सभा में भेजने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। बैठक में महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर आदि मौजूद थे।




# मैत्री विद्या निकेतन में उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी

**यहां के विद्यार्थियों ने खेल व दूसरे उपलब्धियों से पूरे प्रदेश में बढ़ाया मान**




### प्रतिभावान बच्चों का मंत्री ने किया सम्मान

मैत्री विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट बच्चों का शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर एस. सजीव सहित अन्य अतिथिगण मौजूद थे।

### बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति से बटोरी तालियां

मैत्री विद्या निकेतन स्कूल में वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांधा। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।





### खिलाड़ियों ने जीते पुरस्कार, बढ़ाया मान

मैत्री विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर कई पुरस्कार जीते और स्कूल व प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### पढ़ाई के साथ-साथ योगाभ्यास भी जरुरी

मैत्री विद्या निकेतन स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को योग प्रशिक्षण भी दिया जाता है। योग से बच्चों के तनाव कम होते हैं और इससे पढ़ाई में अच्छे प्रदर्शन करते हैं। स्कूल में योगाभ्यास को प्राथमिकता दी जाती है।



# निकुम, कुथरेल और कोनारी में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

# माता कर्मा के जीवन से श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम, कुथरेल और कोनारी में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने महाप्रसाद खिचड़ी भी ग्रहण की। जयंती के अवसर पर ग्राम में कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण निकाला गया। भक्त माता कर्मा और दानवीर भामाशाह के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा समाज के उत्थान के लिए कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। माता कर्मा ने अपनी भक्ति से भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन प्राप्त किए थे। उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा का व्यक्तित्व हमें भक्ति के मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करने की सीख देता है।

कार्यक्रम में सरपंच गीता गजपाल, अध्यक्ष दुस्यंत साहू, गणेश साहू, नारद साहू, कांति साहू, टीकाराम साहू, राजकुमार साहू, देवधर साहू, हेमंत साहू, बेदू साहू, हरिचंद साहू, सालिकराम साहू, भागवत पटेल, भैयालाल साहू, एमराज साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल




## समाज को सजग और सक्षम बनाने सभी महती भूमिका निभाए : कल्पना



जामगांव आर। परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव के अंतर्गत ग्राम औंरी,बोरवाय,जामगांव,भंसुली,बीजाभाटा,चुलगहन, कुरमीगुण्डरा मर्रा, परसाही एवं फेकारी में हर्षोल्लास के साथ कर्मा जयंती मनाई गई।सभी ग्राम इकाइयों में समाज की मातृशक्तियों द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और भक्त माता कर्मा की आरती-पूजा की गई। ग्राम औंरी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू, जिला पंचायत सभापति ने कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। अध्यक्षता कर रहे साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि समाज में संस्कार की गंगा बहती है इस गंगा को पवित्र रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहना होगा। उन्होंने भरर में 25 / 26 अप्रैल को आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती में पधारने का न्योता दिए।

## अरसनारा परिक्षेत्र के छह गांवों में मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

पाटन। साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती पापमोचनी एकादशी 15 मार्च को श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा स्थानीय, परिक्षेत्र, तहसील, जिला एवं प्रदेश स्तर पर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के अंतर्गत ग्राम बठेना, रवेली, पतोरा, देवादा, लोहरसी एवं धौराभाठा में हर्षोल्लास के साथ कर्मा जयंती मनाई गई। सभी ग्राम इकाइयों में समाज की मातृशक्तियों द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और भक्त माता कर्मा की आरती-पूजा की गई। ग्राम बठेना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्या कलिहारी, महिला संयोजिका प्रदेश साहू संघ ने कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। प्रमुख अतिथि खेमलाल साहू, सलाहकार अरसनारा परिक्षेत्र एवं पूर्व महासचिव तहसील साहू संघ पाटन ने कहा कि समाज में बढ़ते अंतरजातीय विवाह चिंता का विषय है। आज हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में और विभिन्न पदों पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन समाज के इतिहास और नियमों की जानकारी नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने रक्तदान एवं नेत्रदान के लिए समाज को प्रेरित किया तथा 25-26 अप्रैल को ग्राम भरर में आयोजित तहसील स्तरीय सामूहिक आदर्श विवाह में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की अपील की। निवर्तमान अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने भी अपनी बात रखी।



## खबर संक्षेप

### दिव्या बनीं प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका

सेलूद। साहू समाज के संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेश साहू संघ द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों में जिम्मेदारियों का मनोनयन किया गया है। इसी क्रम में दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुनकट्टा निवासी दिव्या कलिहारी को प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका नियुक्त किया गया है।दिव्या कलिहारी को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, धनराज साहू, खेमलाल साहू, किशन हिरवानी, किशोर साहू, गुलाब साहू, पारखत साहू, रामनारायण साहू, गायत्री साहू, उमेश साहू, हरिशंकर साहू, संतोष साहू, शुकदेव साहू, बेनीराम साहू, रिंकी साहू, अर्जुन साहू, सरिता साहू, ख़ेमीन साहू, तनुजा साहू, रामाधार साहू, सालिक साहू सहित सामाजिक जनों ने शुभकामनाएं दी है।



### 17 विद्यार्थियों ने दी गणित की परीक्षा



जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के 17 विद्यार्थी मंगलवार को कक्षा 8 वी की केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा पश्चात बाहर मंदिर कैंपस में एकत्र होकर ग्रुप में आपसी चर्चा कर एक दूसरे का हाल चाल जाना और अपना आंकलन करने का प्रयास किए। सेजस मिडिल इंचार्ज छन्नूलाल साहू केन्द्राध्यक्ष के मार्गदर्शन में परीक्षा हुई। केंद्रीकृत परीक्षा का सेजस प्राचार्य कविता साहू ने निरीक्षण किया।

### निधन

### अश्वनी कुमार मिश्रा



दुर्ग। कसही पाटन निवासी अश्वनी कुमार मिश्रा 82 वर्ष का 17 मार्च को उनके निज निवास बोरसी में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे भारतीय सेना के वरिष्ठतम अधिकारी मेजर जनरल सुधीर शर्मा के पिता थे।

// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01, जिला-दुर्ग (छ.ग.)//

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / 202402103000022/अ/19(3)/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि-कार्यालय कलेक्टर महोदय के आवेदन पत्र क्रमांक/133/दिनांक 08/01/2024 अ०वि०अ० महोदय (रा०) महोदय के ज्ञापन क्रमांक 369/ स्टेनो/ अविअ/ 2024 दुर्ग दिनांक 23/01/2024 आवेदक शीतला माता विकास समिति मौजा-जुनवानी प.ह. नं.-43. में स्थित शासकीय जमीन खसरा नंबर 68 रकबा 0.200 हे. एवं खसरा नंबर 69 रकबा 0.200 हे. जमीन को शीतला माता समिति जुनवानी भिलाई को आबंटित किये जाने उक्त जमीन समिति के नाम से आबंटित होने के उपरांत उक्त जमीन पर सार्वजनिक भवन का निर्माण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक कार्यक्रम का संचालन किया जावेगा हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया है। जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23/03/2026 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

## आमटी घाट में राधाकृष्ण मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन



अंडा। कोसरिया यादव समाज सर्किल खांडा के सर्किल मुख्यालय आमटी घाट में राधा-कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। इस पावन अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्रामीण सरपंच श्रीमती दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, मोहन साहू, सर्किल अध्यक्ष गुमेंद्र यादव, उपाध्यक्ष भोज राम यादव, सचिव भारत यादव, सलाहकार भगत राम यादव, महामंत्री उमेंद यादव, संरक्षक खुमान यादव, सरपंच राजु यादव, बिरेंद्र यादव, टीकाराम यादव, नंद कुमार यादव एवं युवा अध्यक्ष युवराज यादव सहित समस्त सम्माननीय पंचगण और बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर 201 ज्योति कलश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में चैत्र वासंती नवरात्रि के पावन अवसर पर जय सहोदर राऊत बाबा नरसिंग नाथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

- जय सहोदर राऊत बाबा नरसिंग नाथ मंदिर में होगा भक्तिपूर्ण आयोजन

किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम रखा गया है। चैत्र वासंती नवरात्रि के दौरान कुल 201 ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं से अग्रिम राशि 2100 रुपये प्रति ज्योति निर्धारित की गई है और स्थान आरक्षित करने की अपील की गई है। इस मंदिर में



मनोकामना पूर्ण होता हैं प्राचीन काल मंदिर हैं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न तिथियों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। इसकी शुरुआत 19 मार्च (गुरुवार) से होगी। इसके बाद 23 मार्च (सोमवार), 26 मार्च (गुरुवार) तथा 26 मार्च (शुक्रवार) राम नवमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी अंडा जिला दुर्ग में किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता जगदंबा के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

## बिजनेस साइट

### बीएड तृतीय सेमेस्टर में अग्रसेन कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा घोषित बीएड तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में अग्रसेन महाविद्यालय धनोरा दुर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन का क्रम जारी रखा है महाविद्यालय की बीएड तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा।

बीएड तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणामों के आधार पर नेहा साहू 85 प्रतिशत प्रथम, पारुल कुशवाहा 84 प्रतिशत व सोनाली पांडे 84 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अंजली शर्मा 83 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। अग्रसेन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मंजू लता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. रीता सूरी और समस्त प्राध्यापकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी।

## वजन और ऊंचाई के आधार पर कुपोषित बच्चों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण की परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में ग्राम नगपुरा में कुपोषण मुक्त अभियान कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया।

- नगपुरा में कुपोषण मुक्त अभियान आयोजित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन तथा विशेष अतिथि में सरपंच सरोज रिगरी, पंच डोमेश्वरी देवांगन, कमला देवांगन, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नरेंद्र जैन डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव अधिवक्ता विभा मिश्रा उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण उषा झा ने बताया कि दुर्ग ग्रामीण के सभी 232 आंगनवाड़ी



को कुपोषण मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सबसे पहले वजन एवं ऊंचाई के आधार पर कुपोषित बच्चों की पहचान, पालकों को पोषण स्तर की जानकारी देना, पालक बैठक,समुदाय आधारित प्रबंधन करके कुपोषण को जड़ से खत्म करने का प्रयास शामिल है। तत्पश्चात सेक्टर पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा ने द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अधिवक्ता विभा मिश्रा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर श्रीवास्तव ने नए एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी जो 14 से 15 वर्ष के बीच के बच्चियों को लगाई जाएगी जिससे भविष्य में गर्भाशय एवं स्तन कैंसर से बचाव होगा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष के द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हेतु शपथ दिलाई गई तथा ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त करने हेतु सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार रोहिणी देशमुख द्वितीय पुरस्कार बमलेश्वरी उमरे एवं तृतीय पुरस्कार बसंती ने प्राप्त किया व्यंजन प्रतियोगिता

## अंचल की खबरें

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला



पाटन। शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में दो दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रचार प्रसार कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला के प्रायोजक राज्य परियोजना कार्यालय राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) रायपुर थे। कार्यशाला के द्वितीय एवं अंतिम दिवस का शुभारंभ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुल सचिव डॉ भूपेंद्र कुलदीप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा प्रणाली के मूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों में ज्ञान, शिक्षा और मानवीय मूल्य का समावेश करना शामिल है। अंतरविषयक अध्ययन पद्धति में छात्रों में सभी विषयों के प्रति समान लगाव पैदा किया गया है। द्वितीय दिवस की कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नंदा गुरुवारा ने राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की विशेषताओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग के डॉअनुपमा अस्थाना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में चार सी संवाद कौशल कम्युनिकेशन, रचनात्मक क्रिएटिविटी, सहयोग कोलाब्रेशन तथा प्रोत्साहन इनकरेज का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति दी जिसमें लोकनृत्य, युगल नृत्य और समूह गान प्रमुख थे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो.जागृत कुमार, एनईपी प्रभारी डॉ. गौरव शर्मा, संचालक डॉ साधना राहटगाँवकर और आभार प्रदर्शन प्रो. अराधना दुबे ने किया।

### सेजस विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



जामगांव आर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला दुर्ग के तीनों ब्लॉक दुर्ग, धमधा तथा पाटन के शासकीय हाई तथा हायर सेकंडरी विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिए आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल के डोमेश ठाकुर पिता पुरुषोत्तम ठाकुर और कक्षा ग्यारहवीं तथा हिंदी माध्यम की भुनेश्वरी साहू पिता हेमंत कुमार साहू कक्षा ग्यारहवीं का चयन किया गया। इस भ्रमण में स्टूडेंट्स को कई शिक्षाविदों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही आईआईटी भिलाई के ओ आर एल लैब,टेक लैब आदि को भ्रमण करने का भी मौका मिला। उक्त भ्रमण के लिए विकासखंड समन्वयक की भूमिका में शाला की विनीता सुधीर का योगदान भी रहा। शाला की प्राचार्य कविता साहू ने छात्रों को आईआईटी भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया और पालकों से संवाद भी किया।


### फागुन झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन



अण्डा। ग्राम मासाभाट में एकता नवयुवक मंडल के तत्वावधान में दो दिवसीय फागुन झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन अतिथि सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी उपस्थित थे, जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि फागुन का महीना भारतीय संस्कृति में प्रेम, उत्साह और भाईचारे का प्रतीक है। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी लोककला, परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। साथ ही यह कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज को एकजुट करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने एकता नवयुवक मंडल और ग्रामवासियों को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उपसरपंच तुला राम साहू सहित पंचगण पंकज पटेल, शारदा पटेल, राजेश देवांगन, चमेली निषाद, देवेन्द्र देशमुख, गुंजा साहू, लेखराम साहू, सावित्री साहू, सोनिया बाई, धनेश्वरी पटेल, खिलेश्वरी साहू, जानकी साहू, उत्तम साहू, कीर्ति साहू, कुशाल राम साहू, सीताराम यादव, रजनी यादव और ईश्वरी साहू शामिल रहे।

### प्रह्लाद चरित्र और समुद्र मंथन का वर्णन

अंडा। अंडा समिपस्थ ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मंगलवार को प्रह्लाद चरित्र और समुद्र मंथन का पावन प्रसंग सुनाया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर



भक्ति भाव से भगवान की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे ने प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। उनके पिता हिरण्यकशिपु के अत्याचारों के बावजूद उनकी अटूट श्रद्धा ने भगवान को नरसिंह अवतार लेने पर विवश कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है और भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इसके साथ ही समुद्र मंथन की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। देवताओं और असुरों द्वारा किए गए मंथन से निकले चौदह रत्नों का महत्व बताते हुए कथावाचक ने कहा कि जीवन में संघर्ष और धैर्य के बाद ही अमृत रूपी सफलता प्राप्त होती है। यह प्रसंग मानव जीवन में सहयोग, धैर्य और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## नवरात्रि पर्व पर होगी सूफी गायक की प्रस्तुति

उतई। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में 19 मार्च से नवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पूजा पाठ करके घटस्थापना करके ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इस बार दरबार में नवरात्रि पर्व पर सूफी भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं पुर्णिमा साहू के मंडली द्वारा जस गीत भजन प्रस्तुत किया जाएगा। गुलाब साहू हेमंत साहू भजन गायक के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम होगा। इस बार हनुमान प्रकटोत्सव विशेष झांकी के साथ शाम 4 बजे से दरबार से निकल कर गली भ्रमण किया जाएगा।

।। न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.) ।।

**// ईश्तहार //**

202603103800003
रा.प्र.क्र. 25अ-20 (3) / वर्ष 2025-26

आवेदक अंचल सेठी पिता स्व. राजेश सेठी एवं अन्य 01. निवासी हुडको भिलाई के आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. एम.आई.जी. II /460, क्षेत्रफल 160.00 वर्गमीटर भूमि सुदर्शन सेठी पिता स्व. बी.डी. सेठी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 12.03.2025 को हो चुकी है। धारक द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उनके वारिसान पुत्र-पुत्री अंचल सेठी व रोमिल सेठी पिता राजेश सेठी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग

**उदघोषणा**

रा.प्र.क्र./202602100700124/31-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमती पूजा साहू पति परमेश्वर साहू, लालचंद पिता नंदकुमार दोनों निवासी ग्राम-नागलदाह तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बघेरा प.ह.नं. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 342/19 (शा. ख.नं. 344/6) कुल रकबा 0.1598 हे. में से रकबा 0.0232 हे./2500 वर्गफीट/232.34 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 15,11,000/- रूपये भूमि को विक्रेता तरूण कुमार पिता स्व. राधेश्याम निवासी बघेरा वार्ड नं.-56 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/10/2025 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/02/2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/02/2026
सुनवाई दिनांक-20/03/2026

(मुहर) तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

( सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5 )

दीवानी मुकदमा नं.- 06A/2025
प्रोसेस क्र.- 08/2026, पेशी दि.- 08/04/2026
अदालत-(कु. वैशाली बघेल) एकादश व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक- पोषण कुमार देवांगन
अनावेदक- सतीश दास वैष्णव व अन्य
बनाम- सतीश दास वैष्णव आ. जोगेश्वर दास वैष्णव निवासी- 223/03, मैत्री कुंज, रिसाली, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग ( छ.ग.)

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस न्यायालय में तारीख 08 माह 04 सन् 2026 ई. को दिन के 11: 00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक- ठाक तौर से समझा दी हो और जोकि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके ) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो। आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी मे मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा। आज तारीख 09 माह 03 सन् 2026 को अदालत की मुहर से जारी किया गया ।

जज
(कु. वैशाली बघेल)
(मुहर) एकादश व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202603104900006 अ/6 अ वर्ष 2025-26

पक्षकार शलिनी मिश्रा पति राजेश मिश्रा मौजा ग्राम भरर तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम भरर प.ह.नं. 45 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका शलिनी मिश्रा पति राजेश मिश्रा ग्राम मोहगांव तह. देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम भरर, प.ह.नं. 45 तह. पाटन, जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 880 रकबा 0.06 हे. संयुक्त खाते की कृषि भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी-1 खसरा पाचषाला पी-2 ऋण पुस्तिका में आवेदिका सरोज बाई पिता रामायण प्रसाद दर्ज है उपरोक्त दोनो नाम एक ही महिला है आवेदिका द्वारा शपथ पत्र, सहित आवेदन पेश किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोकतानुसार कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23/3/2026 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
जामगांव आर, तहसील पाटन,
जिला दुर्ग (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# रिसाली में जल संकट, पाइपलाइन ऊंचाई पर होने के कारण घरों के नल तक नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रिसाली

गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी ने रिसाली नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में हर साल गर्मी के दौरान पानी की गंभीर समस्या बनी रहती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 32, 33 और 34 के कई मोहल्लों में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। कई जगह नल कनेक्शन की पाइपलाइन ऊंचाई पर होने के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे लोगों को मजबूरी में पंप लगाकर पानी खींचना पड़ता है। इससे कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। उन्होंने बताया कि गर्मी के दौरान नहरों में पानी बंद होने के बाद भू-जल स्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे क्षेत्र के कई हैंडपंप सूख जाते हैं। ऐसे में लोगों को नगर निगम के टैंकरों के भरोसे रहना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि पानी के टैंकर दोपहर के बजाय सुबह 8 बजे से पहले या शाम 5 बजे के बाद भेजे जाएं, क्योंकि दोपहर में अधिकांश लोग काम पर निकल चुके होते हैं। दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि पानी के लिए महिलाओं को दूर-दूर तक जाना पड़ता है, जो चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने बताया कि रिसाली नगर निगम क्षेत्र के कई तालाबों की अब तक सफाई नहीं हुई है, जिससे उनमें जमा पानी भी उपयोग योग्य नहीं रह जाता और लोगों को बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दुर्ग लोकसभा उपाध्यक्ष शिवा रायडु ने कहा कि आम आदमी पार्टी कई बार जल संकट को लेकर नगर निगम को ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाए। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि रिसाली क्षेत्र में पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए, बंद पड़े सभी वाटर एटीएम चालू किए जाएं और स्टेशन मरोदा, नेवई व मरोदा टैंक जैसे क्षेत्रों में नए वाटर एटीएम लगाए जाएं। इसके साथ ही नल-जल योजना के तहत दी जा रही पानी की सप्लाई का समय भी बढ़ाया जाए।

■ आम आदमी पार्टी ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



इस दौरान पूनम निर्मलकर, कविता साहू, रिमन पटेल, सुषमा गायकवाड, ज्योति निर्मलकर, उषा निर्मलकर, नंदिनी भुवनेश्वरी साहू, रीता चौधरी, लीलावती देवी, सरोज चंदेल, खुशी, तुलसी, नंदिता, गायत्री, पार्वती कुमारी, रमशिला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सिंधिया नगर में अवैध रूप से काटे गए पेड़, शिकायत

**दुर्ग।** सिंधिया नगर वार्ड-21 में अवैध रूप से पेड़ काटने की शिकायत स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की है। शिकायत नीलांचल डे और सुबीर रॉय ने की है। शिकायत में कहा गया है कि दुर्गामंदिर बाड़ी के पास पेड़ों को बिना अनुमति काटा गया है। इसकी शिकायत वन विभाग से की गई थी, लेकिन गंभीरता से नहीं लिया गया। पिछले करीब 50 वर्षों से आसपास के लोग इन पेड़ों का संरक्षण और देखरेख कर रहे थे, जिन्हें अज्ञात कारणों से बिना अनुमति काट दिया गया। लोगों ने मामले में निष्पक्ष जांच दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य बने दया सिंह



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पिछले दस साल में मात्र पांच सड़कों का हुआ चौड़ीकरण, टू लेन की दरकार

# टाउनशिप में जानलेवा हो रहा ट्रैफिक बढ़े वाहनों के कारण सिमट रहीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक खुला स्पेस माने जाने वाला बीएसपी टाउनशिप अब ट्रैफिक की बढ़ती समस्या के रुप में पहचान बना रहा है। वाहनों के बढ़ने से सिमटती सड़कें दुर्घटना का कारण बनी हुई हैं। ड्यूटी और स्कूल टाइम में प्रमुख सड़कों पर जाम के हालात बनने से प्रमुख सड़कों पर वाहन चलाना वाहनचालकों के लिए तकलीफदेह और दुर्घटनाजन्य होता जा रहा है।

चौदह सेक्टरों में फैले टाउनशिप यानी आधे भिलाई में भी ट्रैफिक की समस्या पटरीपार के क्षेत्र की तरह होती जा रही है। पिछले आठ दस साल के दौरान इस क्षेत्र में यह समस्या इतनी विकट हो चुकी है कि प्रमुख सड़कों पर ही नहीं बल्कि अंदर रिहायशी इलाके बीच से गुजरने वालें कई सहायक सड़कों पर सुबह और शाम इतना अधिक ट्रैफिक होता है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें लोगों के घायल होने खासकर हेड इंजुरी और हाथ पांव फैक्चर हो रहे हैं। बीएसपी में फर्स्ट शिफ्ट और सुबह दस बजे आफिस व स्कूल कालेज के टाइम तथा शाम को 5 से रात नौ दस बजे तक प्रमुख सड़कों पर जाम के हालात बनते रहते हैं। सबसे प्रमुख मार्ग सेंट्ल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, सेक्टर 1 मार्केट रोड, ग्लोब चौक डीपीएस भिलाई रोड, सेक्टर 2 रोड, सेक्टर 10 रोड, सेक्टर नौ हास्पिटल - तालपुरी चौक रोड 32 बंग्ला रोड व रिसाली सेक्टर तथा रुआबांधा रोड आदि प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक जोखिमदायक बना रहता है। ट्रैफिक की बढ़ती समस्या का कारण पिछले कुछ साल में दोपहिया कारों आदि के साथ कर्मशियल वाहनों की संख्या में कई गुना वृद्धि व आसपास के वाहनों के भी टाउनशिप के अंदर से गुजरना है। इस अनुपात में सड़कों का चौड़ीकरण या नई सड़कों का निर्माण नहीं है।

### सुबह व शाम के वक्त प्रमुख सड़कों पर जाम के हालात



### ब्लैक स्पॉट व अंदरुनी सड़कों पर भी बढ़ी समस्या

टाउनशिप में एक ओर तो वाहनों की तादाद बढ़ने से ट्रैफिक बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर कई सेक्टरी इलाके के अंदर की सहायक सड़कों पर भी आवागमन का दबाव बढ़ रहा है । कई नए ब्लैक स्पांट भी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। बीएसपी द्वारा कई जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं की गई और ब्लैक स्पाट भी त्यौं के त्यौं बने हुए हैं। रिसाली में प्रगतिनगर चौक, सेक्टर 6 बी मार्केट तिराहा, सेक्टर दस काफी हाउस के निकटस्थ, आजाद मार्केट रिसाली चौक आदि दर्जनभर से अधिक स्थलों पर जाम के हालात व आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। रहवासियों ने बताया कि सेक्टर 6 ई मार्केट हनुमान मंदिर तिराहे पर के सामने तिराहे पर तीन साल से बड़े बड़े गड्ढों में रोज दोपहिया स्लिप होने से वाहन चालक घायल हो रहे हैं। सेक्टर 6 साईं मंदिर पुलिया के निकट भी सड़क जर्जर है।

### सड़कों का हो चौड़ीकरण

साठ साल पुराने टाउनशिप में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या के साथ सड़कें अब चौड़ीकरण मांग रही हैं। पिछले पांच सात साल के दौरान मात्र स्टील क्लब रोड,जेपी चौक रोड और ग्लोब चौक डीपीएस रिसाली चौक रोड का चौड़ीकरण कर टूलेन में कनवर्ट किया गया है। सालभर पूर्व सेंट्रल एवेन्यू के सभी चौकों का चौड़ीकरण किया गया है। लेकिन अब तक व्यस्ततमसेक्टर 1 गैराज रोड,उतई रोड, सेक्टर 1 रोड,रिसाली रोड, सेक्टर दस काफी हाउस रोड,32 बंगला तालपुरी चौक सड़क आदि कई सड़कों को टूलेन नहीं किया गया है। रहवासियों ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अंदर की सड़कों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से लोग स्पीड से वाहन चौड़ा रहे हैं और शार्टकट के लिए लोग इन सड़कों का उपयोग कर रहे हैं।

# भिलाई में थोक सब्जी मंडी के स्थानांतरण की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई शहर की आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने शासन-प्रशासन के सामने अपनी आवाज बुलंद कर दी है। इस संबंध में सब्जी विक्रेता संघ ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर मंडी को कृषि उपज मंडी की तर्ज पर राधिका नगर (सुपेला थाना के पीछे) स्थानांतरित करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांग को लेकर कृषि विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री राम विचार नेताम से भी मुलाकात की है।

मंडी समिति के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह ने बताया कि वर्ष 2000 में पावर हाउस क्षेत्र में थोक एवं चिल्लर सब्जी मंडी को संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा स्थापित किया गया था। उस समय लगभग 25 थोक और 300 चिल्लर विक्रेताओं को ध्यान में रखकर व्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन वर्तमान में शहर की बढ़ती आबादी के कारण व्यापारियों की संख्या 110 से अधिक हो गई है, जिससे व्यवस्थाएं चरमरा गई है। विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि मंडी में रोजाना करीब 100 भारी वाहनों और 300 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आवागमन होता है, लेकिन पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यातायात और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इसके चलते किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और मंडी परिसर में अव्यवस्था बनी रहती है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर पिछले 10-11 वर्षों से शासन और जिला प्रशासन को लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन रूप से अपने व्यापार को बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस आंदोलन को अन्य बाजार समितियों का भी समर्थन मिलने की बात कही गई है। सब्जी विक्रेता संघ ने प्रशासन से जल्द निर्णय लेकर नई जगह पर सुव्यवस्थित थोक सब्जी मंडी स्थापित करने की मांग की है, ताकि किसानों और व्यापारियों दोनों को राहत मिल सके।

■ विक्रेताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

इम्पेक्ट फीचर

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल एवं श्री महावीर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की विशिष्ट पहल

पुलगांव स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल तथा शिक्षक नगर स्थित श्री महावीर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (श्री जैन तरुण क्लब, दुर्ग द्वारा संचालित) अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाओं के कारण शहर में विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों, योग एवं फिटनेस सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार दोनों संस्थानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और जीवन कौशल से परिपूर्ण बनाना है।

## श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ

**दुर्ग|** सीबीएसई से संबद्ध श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, पुलगांव चौक, दुर्ग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्कूल में नर्सरी, कक्षा I से IX और कक्षा XI (मैथ्स, साईंस व कामर्स) के लिए प्रवेश लिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम शिक्षा प्रणाली अपनाई गई है। विद्यालय में पूर्णतः डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी-एनेबल्ड क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं। स्कूल में हैंड्स-ऑन एक्सपीरिंएंशियल लर्निंग पद्धति के माध्यम से बच्चों को विषयों की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर दिया जाता है। प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं जीवन कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु विशेष कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जाता है। अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।




### आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को स्पॉन्सर के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा



श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, पुलगांव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्पॉन्सरशिप के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित न होने देना है, जिनके परिवार आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। चयनित विद्यार्थियों की शैक्षणिक फीस का वहन स्पॉन्सरशिप के सहयोग से किया जाता है। प्रबंधन ने बताया कि संस्था समाज के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के माध्यम से न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा भी मिल रही है। अभिभावकों से अपील की गई है कि पात्र विद्यार्थी विद्यालय कार्यालय में संपर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त करें।

### आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारों पर जोर

*श्री मनीष पारख - डायरेक्टर*



*श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, पुलगांव एवं श्री महावीर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिक्षक नगर के श्री मनीष पारख ने अपने संदेश में कहा है कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफल एवं सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण, डिजिटल कक्षाएं, सुसज्जित प्रयोगशालाएं तथा अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, योग और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होनें शिक्षा का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों का विकास और आत्मविश्वास बढ़ाना है। इसी दिशा में लाइफ स्किल्स, पब्लिक स्पीकिंग, करियर काउंसलिंग और बालिका सशक्तिकरण जैसी पहलें संचालित की जा रही हैं।*

#### आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



विद्यालय प्रबंधन के अनुसार नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को कौशल-आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही पब्लिक स्पीकिंग व लाइफ स्किल्स प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। एक्सपीरिएंशियल एवं कंपिटेंसी-बेस्ड लर्निंग पद्धति से छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जा रहा है। सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों तथा करियर गाइडेंस की विशेष व्यवस्था की गई है।

#### आधुनिक तकनीक के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर



संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, व्यावहारिक ज्ञान और मजबूत संस्कारों के साथ भविष्य के लिए तैयार करना है। एआई आधारित शिक्षण, सुसज्जित पुस्तकालय, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला एवं अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब्स की सुविधा उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त होता है। सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों, करियर गाइडेंस तथा 24x 7 सीसीटीवी निगरानी जैसी व्यवस्थाओं के साथ सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

#### विद्यालय में नियमित स्वास्थ्य जांच और डेंटल चेकअप शिविर



स्कूल में विद्यार्थियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें आंख, दांत, वजन, ऊंचाई तथा सामान्य शारीरिक जांच शामिल रही। विद्यार्थियों को स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में भी जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बच्चों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अभिभावकों को भी आवश्यक सुझाव दिए।

#### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बिखेरा देशभक्ति और प्रतिभा का रंग




स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देशभक्ति पर आधारित समूह नृत्य और प्रस्तुति रही, जिसमें विद्यार्थियों ने तिरंगा लहराते हुए एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और संगीत की प्रस्तुतियों से उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

#### मैत्री बाग भ्रमण पर निकले छात्रों ने किया ज्ञानवर्धन और मनोरंजन



स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण मैत्री बाग जू में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति एवं वन्यजीवों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। बच्चों ने विभिन्न वन्य प्राणियों को नजदीक से देखा और उनके रहन-सहन, खान-पान तथा संरक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा का महत्व भी समझाया। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

#### स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित



स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। नव-निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन एवं अन्य पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर पदभार सौंपा गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने एवं अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ ली।

#### विज्ञान प्रदर्शनी-छात्रों ने दिखाया नवाचार, रचनात्मकता का संगम



स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े विविध मॉडलों और प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण, जैव-विज्ञान, ऊर्जा संरक्षण एवं अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। छोटे बच्चों ने भी रचनात्मक परिधानों और सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को रोचक तरीके से समझाया।

#### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई खेल भावना




स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और उमंग के साथ आयोजित की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी, दौड़, रिले रेस एवं अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम भावना, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय दिया। मैदान में रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

पुलगांव चौक, दुर्ग (छ.ग.) 0788-2212216, 6260742052

शिक्षक नगर, दुर्ग (छ.ग.) 0788-2212217, 8103801201

## खबर संक्षेप



### कुम्हारी में भी मिली अफीम, वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वृद्ध को अफीम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि खारून ग्रीन गेट 2 के पास से खारून ग्रीन कॉलोनी हाउस नंबर 50 कुम्हारी निवासी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 2 लाख रुपए की 403 ग्राम अफीम और नगदी 14.46 लाख रुपए, मोबाइल जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 18(ग), 27(क), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी समेत टीम का योगदान रहा है। गौरतलब हो कि समोदा के खेत में मिले आठ करोड़ रुपए के अफीम मामले में अब भी दो आरोपी फरार है। जिसे लेकर पुलिस जगह-जगह टीम बनाकर दबिश दी जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीम बनाई गई है।

### लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का चौंकाने वाला मामला

# मृतक का मेडिकल सर्टिफिकेट मामले में जांच पूरी, दोषी पाए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में एक मृत व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के मामले में सिविल सर्जन द्वारा गठित टीम ने जांच पूरी करके रिपोर्ट सौंप दी है। हैरान करने वाली बात यह है कि जांच में यह पाया गया कि जो सर्टिफिकेट बनाया गया वह व्यक्ति मर चुका था। इसके बाद भी यह सफाई देते हुए दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई कि मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने आए व्यक्ति ने मृत व्यक्ति का नाम लिखवा दिया था।

जांच में यह सामने आया है कि जिस सुपेला मोतीलाल चौक निवासी गणेश राम का मेडिकल सर्टिफिकेट 7 दिसंबर 2025 को सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से जारी किया गया था, उसका निधन 21 अप्रैल 2024 को हो गया था। उनकी मृत्यु के बाद रामनगर मुक्तिधाम से मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया था। इसके बावजूद 7 दिसंबर 2025 को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से उसी व्यक्ति के नाम पर मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सर्टिफिकेट किसी और ने नहीं बल्कि खुद अस्पताल प्रभारी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयाम सिंह ने जारी किया था। उन्होंने दस्तावेजों में यह दर्शाया कि संबंधित व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कर उसका मेडिकल परीक्षण किया गया है और उसे मेडिकल रूप से फिट पाए जाने पर उसका मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया गया। इस सर्टिफिकेट के आधार पर दिए गए पते पर जाकर जब जानकारी ली गई, तो पता चला कि जिस व्यक्ति के नाम पर मेडिकल प्रमाण पत्र जारी हुआ है, उसकी पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद यह मामला और भी संदिग्ध हो गया।

किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर केवल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, लेकिन सुपेला अस्पताल में उसे दोबारा जिंदा होने का प्रमाण पत्र दे दिया गया। सीएमएचओ दुर्ग ने भी इसे गंभीर लापरवाही बताया है। मामले के सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने इसकी जांच के निर्देश दिए थे। जांच पूरी होने के बाद भी अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस मामले में किसकी जिम्मेदारी तय हुई और क्या कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी को लेकर भी उठने लगे सवाल




सुपेला अस्पताल में बना मरे हुए आदमी का मेडिकल सर्टिफिकेट

### सर्टिफिकेट बनाया गया

जांच रिपोर्ट में आया है कि लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से मृत व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया गया है। उसे बताया गया है कि मृतक के रिश्तेदार ने भूलवश मेडिकल सर्टिफिकेट में अपना नाम दिखाने के बजाय मृत व्यक्ति का नाम दर्ज करा दिया था, जिसके कारण यह सर्टिफिकेट बना है।

**- डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग

### अस्पताल प्रबंधन ने बदले नियम

भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो, इसके लिए सभी डॉक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति को मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने से पहले उसकी पहचान की पुष्टि की जाए। इसके लिए आधार कार्ड या अन्य वैध पहचान पत्र की जांच अनिवार्य की गई है। मेडिकल सर्टिफिकेट उसी व्यक्ति को दिया जाए जो स्वयं अस्पताल में उपस्थित होकर चिकित्सकीय परीक्षण कराए। डॉक्टर मरीज की उपस्थिति में जांच करने के बाद ही मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करेंगे।

**- डॉ. पीयम सिंह,** प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

# सीएएफ जवान ने खुद को सर्विस रिवाल्वर से मारी गोली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



सीएएफ के जवान ने खुद की सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना खैरागढ़ जिले की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसएफ के छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान आजाद चौक भिलाई तीन निवासी कृपा चंद उर्फ बबलू सोनवानी है। घटना की सूचना परिजनों को मिलने पर उनका रो-रोकर बुरा हाल है। छुईखदान में पीएम के बाद जवान के शव को परिजनों को सौपा गया। शव के भिलाई तीन पहुंचते ही पत्नी,बच्चे और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जवान कृपा चंद सोनवानी सीएएफ की छठवीं बटालियन में पदस्थ था, जो खैरागढ़ जिले के उदयपुर पैलेस में ड्यूटी पर तैनात था। जवान ने उदयपुर पैलेस में ही ड्यूटी के दौरान शाम 5.30 बजे के बीच सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। कृपा चंद की

- खैरागढ में पदस्थ था जवान, मृतक भिलाई तीन का रहने वाला


विवाहित था और उसकी दो बेटियां हैं। पूर्व विधायक देवव्रत सिंह के निधन के बाद राजपरिवार में चल रहे पारिवारिक विवाद के कारण प्रशासन ने उदयपुर पैलेस और खैरागढ़ स्थित कमल विलास पैलेस को सील कर रखा है। इन दोनों परिसरों की सुरक्षा के लिए सीएएफ के जवानों को तैनात किया गया है। जहां ड्यूटी अलग-अलग शिफ्ट में लगाई जाती है। सोमवार को कृपा चंद सोनवानी सामान्य दिनों की तरह अपनी ड्यूटी पर मौजूद था। उसके दोस्तों के मुताबिक जवान कुछ समय से तनाव में दिख रहा था। शाम के समय अचानक गोली चलने की तेज आवाज से पैलेस परिसर में हड़कंप मच गया। जहां जवान कृपाचंद खून से लथपथ पड़ा था। तुरंत जवान को तुरंत अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान कृपा चंद छुट्टी से लौटने के अगले ही दिन ड्यूटी पर था।




# आईटीएमएस कैमरे की निगरानी में उल्लंघन करने वालों के घर ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- वर्ष 2026 में अब तक 8926 से अधिक ई-चालान जारी



जिले में ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के अंतर्गत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील मार्गों पर कैमरे स्थापित कर 247 निगरानी की जा रही है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर बिना मौके पर रोके ही ई-चालान की कार्रवाई की जा रही है। जो सीधे वाहन मालिक के पते एवं मोबाइल पर प्रेषित किया जा रहा है। विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाना, विपरीत दिशा में वाहन चलाना, चेकिंग के दौरान पुलिस से बचने के लिए वाहन मोड़कर भागने वाले चालको को कैमरों के माध्यम से पहचान कर ई चालान किया जा रहा है। वर्ष 2026 में अब तक 8926 से अधिक ई-चालान जारी किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई पूर्णतः पारदर्शी, प्रमाण आधारित, प्रभावी है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक अनुशासित, सुरक्षित बनाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील किया है कि चालक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, निर्धारित दिशा में वाहन चलाएं एवं ओवरलोडिंग, तीन सवारी से बचें। ट्रैफिक नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

### नो-एंट्री में रखे भारी वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नो एंट्री पर रखे गए भारी वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है। एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट्स पर नो-एंट्री जोन में लगातार चेकिंग एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर फिक्स चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर विशेष टीमों द्वारा निगरानी की जा रही है। वर्ष 2026 में 17 मार्च तक 38 भारी वाहनों पर चालानी की गई है। नो एंट्री जोन का कड़ाई से पालन कराते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले 38 भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

